स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मीरजापुर

(वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार–वितरण समारोह 2019–20 शुभ अवसर पर प्रस्तुत स्वागत–सम्बोधन एवं प्रगति आख्या)

तपोभूमि भारत के अर्न्तगत जनपद मीरजापुर में गंगा के तट पर ऐतिहासिक नगरी चुनार में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार–मीरजापुर के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2019–20 के शुभ गवसर पर सर्वप्रथम परमादरणीय मुख्य अतिथि डॉ0 महेन्द्र राम (पूर्व शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा उ0प्र0) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ0 अरविन्द कुमार राम (पूर्व प्राचार्य–राजकीय महाविद्यालय भदोही) का सहर्ष हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। आज के समारोह में उपस्थित विशिष्टजन, प्राध्यापकवृंद, शिक्षणेत्तरकर्मी, गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण पत्रकार–बन्धु तथा छात्र–छात्राएं आप का भी यथायोग्य स्वागत करता हूँ और शुभकामनाए देता हूँ।

यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा सेवा की एक अद्वितीय उपलब्धि है जो सन् 1997 ई0 से सेवारत है और उच्च शिक्षा में कीर्तिमान स्थापित करता हुआ अग्रसर है। पठन–पाठन, शिक्षणेत्तर क्रिया–कलाप और नकलविहिन परीक्षा के लिए इसका अपना एक खास स्थान है।

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के स्नातक स्तर पर कला संकाय के आठ विषयों तथा विज्ञान संकाय के पॉच विषयों में साथ ही साथ स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के सात विषयों में तथा विज्ञान संकाय के पॉच विषयों में शिक्षण की व्यवस्था है। यहॉ अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की कुल संख्या–1644 है। यहॉ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रवेश आन–लाईन किया जाता है।

यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है कि महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बेंगलुरू के पत्र संख्या–NAAC/WW/Cert.A&A/EC(4th SC)/72/14 दिनांक– 31.12.2014 द्वारा विहित मूल्यांकन के पश्चात् बी ग्रेड प्रदान किया गया है। निःसंदेश यह महाविद्यालय के लिए सर्वोत्तम उपलब्धि है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने महाविद्यालय को 2–एफ एवं 12 बी0 की सूची में सम्मिलित है, जिससे महाविद्यालय उक्त आयोग से आर्थिक अनुदान प्राप्त करने हेतु पूर्ण सक्षम हो गया।

महाविद्यालय परिसर पूर्णतः वाई–फाई व्यवस्था से सुसज्जित है और कम्प्यूटर आधारित कार्य प्रणाली की ओर अग्रसर है। आई.क्यू.ए.सी. सेल की भी स्थापना की जा चुकी है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अर्न्तगत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्ष अभियान (रूसा) के तहत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये विहित प्रपत्र में निर्देशानुसार महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विगत वर्षो में प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था। इससे महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय भवन हेतु रू0–75 लाख की स्वीकृत प्राप्त हुई हैं तथा कार्यदायी संस्था आवास विकास निगम द्वारा उक्त वाणिज्य संकाय भवन की निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा उम्मीद है कि आगामी सत्र से वाणिज्य संकाय की कक्षाओं प्रारम्भ हो जायेगी। यहॉ विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि रूसा के अर्न्तगत इस सत्र में महाविद्यालय में 20 कम्प्यूटर का कम्प्यूटर सेन्टर , लाइब्रेरी आटोमेशन एवं 02 स्मार्ट क्लास रसायन विज्ञान एवं भौतिकी विज्ञान व्याख्यान कक्ष का निर्माण/स्थापना किया गया है एवं इस अवस्थापना सुविधाओं का लाभ विद्यार्थीयों को मिल रहा है। वर्तमान सत्र में रूसा मद के अर्न्तगत लगभग 15 लाख के प्रयोगशाला उपकरणों के कय हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है।

महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त कुल 20 प्राध्यापक, 08 शिक्षणेत्तरकर्मी नवारत है, जबकि बी.एड. संकाय में 07, गणित में 02, जन्तु विज्ञान में 01, अर्थशास्त्र में 01 तथा अंग्रेजी में 01 पद रिक्त है।

महाविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त प्रतिभा को समृद्ध करने वाले शिक्षणेत्तर किया–कलापों के अन्तर्गत कीड़ा समारोह, अन्तर्महाविद्यालयी कीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग, रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, परिषदीय प्रतियोगिताएँ, वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्तर–प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संविधान दिवस एवं समरसता दिवस के तत्वाधान में वर्ष पर्यन्त विविध कार्यक्रमों यथा डॉ0 नलिनी सिंह द्वारा पुस्तक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा तथा समापन काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप नारायण डोगरे द्वारा किया गया। साथ ही साथ सिंगल यूज प्लास्टिक पर व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। "निर्मल गंगा यात्रा अभियान" के तहत मुझे शासन द्वारा जनपद मीरजापुर का नोडल अधिकारी नामित किया गया था जिसके तहत महाविद्यालय स्तर पर विविध प्रतियोगिताओं यथा–पोस्टर, संगोष्ठी, निबन्ध तथा गंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। प्रसार व्याख्यान के अन्तर्गत हिन्दी तथा अंग्रेजी विभाग द्वारा दोनों साहित्यों के प्रासंगिकता विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः डॉ0 वर्षा सिंह–राजकीय महाविद्यालय भदोही एवं डॉ0 सुप्रिया सिंह वसन्त कन्या महाविद्यालय कमच्छा वाराणसी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस, गाँधी जयन्ती गणतन्त्र दिवस तथा विभिन्न महापुरूषों/वीरांगनाओं के जयन्ती/शहीदी दिवस भी मनाया गया।

महाविद्यालय के इतिहास विभाग के डॉ0 अरूणेश कुमार को इसी सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा पी0 एच–डी0 की उपाधि प्रदान की गई। डॉ0 माधवी शुक्ला को काशी गुरूकुल न्यास वाराणसी द्वारा "अन्तर्राष्ट्रीय कौटिलीय पुरस्कार" से सम्मानित किया गया । यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा इस महाविद्यालय को शोध केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान किया गया तथा समाजशास्त्र विषय में डॉ0 रजनीश के निर्देशन में दो शोधार्थी तथा हिन्दी में डॉ0 कुसुम लता के निर्देशन में तीन शोधार्थियों का पंजीकरण हुआ। विश्वविद्यालय परीक्षा 2019 में वनस्पति विज्ञान की छात्रा–निष्ठा सिंह ने एम0एस–सी0 वनस्पति विज्ञान में प्रथम स्थान पर रहकर स्वर्णपदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में वनस्पति विज्ञान की निधि सिंह ने पाचवाँ स्थान, तनु श्रीवास्तव ने छठवाँ स्थान एव नैन्सी गुप्ता ने ग्यारहवा स्थान, गणित के रीतू सिंह ने नौवा स्थान, हिन्दी में बलिराम ने आठवाँ स्थान, भौतिकी विज्ञान के विजय कुमार यादव ने सातवाँ स्थान जन्तु विज्ञान विभाग के आशीष कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय टाप टेन मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया गया है।

महाविद्यालय में कीड़ा हेतु किकेट, वालीबाल, कैरम बोर्ड, शतरंज, बैडमिन्टन आदि की सुविधायें है जिनसे यहाँ के छात्र–छात्रा लाभावित्त होते रहे है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा आयोजित क्रास कन्ट्री दौड़ में महाविद्यालय की छात्रा बवीता कुमारी ने चौथा स्थान प्राप्त किया तथा उनका चयन अर्न्तविश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसी क्रम में एथलिट्स प्रतियोगिता में जितेन्द्र कुमार यादव ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा मौनी गौड़ ने 800 मीटर दौड़ में कास्य पदक एवं 5000 मीटर मे रजत पदक, 100 मीटर फर्राटा में रामजनम यादव ने कास्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय परिवार की गरिमा को बढाया। वार्षिक कीड़ा समारोह के अन्तर्गत कुल 21 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन राजकीय महाविद्यालय लालगंज के पूर्व प्राचार्य–डॉ0 रामलोचन यादव तथा समापन महाविद्यलाय के प्राचार्य द्वारा किया गया।

महाविद्यलाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक–03 से 09 फरवरी 2020 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मेरे द्वारा तथा समापन डॉ0 अमरनाथ पासवान पूर्व समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा किया गया। शिविर के दौरान शिविरार्थियों द्वारा श्रमदान, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा जल संरक्षण से सम्बन्धित विषयों पर परिचर्चा तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समस्त कार्यक्रमों का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 माधवी शुक्ला एवं डॉ0 दीप नारायण ने किया।

महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया तथा दिनांक–10 एवं 11 फरवरी 2020 को जनपदीय समागम का आयोजन हुआ जिसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक मीरजापुर डॉ0 धर्मवीर सिंह द्वारा एवं समापन साहित्य आकादमी पुरस्कार से सम्मानित राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 रामशिरोमणि 'होरिल' के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस समागम में जनपद के कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें रोवर्स में जी0डी0 बिनानी पी0जी0 कालेज ने प्रथम स्थान तथा रेजर्स में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समस्त कार्यक्रमों का नेतृत्व डॉ0 प्रभात कुमार सिंह एवं डॉ0 कुसुम लता ने किया।

महिला सुरक्षा व अधिकार के अन्तर्गत महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय छात्राओं के लिए डॉ0 तूलिका चक्रवर्ती बंगवासी मॉर्निंग काजेल कलकत्ता का मानवाधिकार विषय पर व्याख्यान तथा आत्म रक्षार्थ जुडो कराटे का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश वीमेन पावर एंजिल के तत्वाधान में डॉ0 शेफालिका राय के नेतृत्व में छात्राओं हेतु वर्ष पर्यन्त विविध कार्यों का आयोजन किया गया। भारत सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत नोडल अधिकारी डॉ0 सूबेदार यादव द्वारा नार्थ–ईस्ट के संस्कृति से सम्बन्धित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के कुल 02 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने अभिविन्यास/पुनश्चर्या कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

सत्रपर्यंत मेरा प्रयत्न रहा है कि यह महाविद्यालय सर्वांगीण विकास करे और उन्नत से उन्नत स्थान प्राप्त कर उच्च शिक्षा विभाग का नाम रोशन करें। पुनः एक बार आज के मुख्य अतिथि महोदय एवं सभी का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करता हूँ।

जय हिन्द!

(डॉ0 सूबेदार यादव)
संयोजक, आख्या समिति

प्रो0(ब्रह्मदेव)
प्राचार्य